लखनऊ के टेक्सटाइल पार्क को 1680 करोड़

लखनऊ। लखनऊ के पीएम मेगा मित्र टेक्सटाइल पार्क निर्माण पर 1680 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह रकम मास्टर डवलपर खर्च करेगा। इस डवलपर के चयन के लिए कैबिनेट ने इससे संबंधित बिड डाक्यूमेंट को मंजूरी दे दी। इस पार्क के निर्माण के बाद लगभग दस हजार करोड़ का निवेश होगा और सीधे तौर पर एक लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। हथकरघा व वस्त्रोद्योग विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि अब इस आधार पर जल्द डवलपर का चयन होगा। उसके द्वारा जो जमीन निवेशकों को बेची जाएगी। उसका कुछ हिस्सा यूपी सरकार को मिलेगा। जो कंपनी ज्यादा हिस्सा सरकार को देगी उसका चयन होगा। कंपनी कम से कम 1680 करोड़ रुपये पार्क के अंदर बुनियादी सुविधाओं पर खर्च करेगी।